Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 18-12-2021 अंक 88

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही चौक पर सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। महिला तिलैया से शेरघाटी जा रही थी। बाइक से गिरकर घायल हो गई।

### समजसेवी गोपाल पंडित की डॉगी 14 दिसम्बर से गायब

**अपेम लाइव : बरही**

बरही गया रोड नियर प्राइवेट आईटीआई निवासी समाज सेवी गोपाल पंडित की डॉगी 14 दिसम्बर 2021 से गायब है। उन्होंने बताया को उनकी डॉगी अचानक घर के पास से गायब हो गई है। यदि किन्ही के पास हो तो कृपया 7739779908 पर कॉल कर मुझे सूचित करें। सूचना देने वालों को 500 रुपये का इनाम दिया जाएगा।गया रोड बरही हिंदुस्तान टायर रिसोल पर मुझसे संपर्क कर सकते हैं।



डॉगी का फाइल फोटो

APEM LIVE

# सीओ ने अपने नेतृत्व में की आदिवासी बहुल लोहरा टोली एवं मेला टांड में 60 के बीच कम्बल वितरण

## पीएम आवास, राशन कार्ड सहित अन्य सभी तरह की समस्या का जल्द होगा समाधान : अरविंद



कम्बल वितरण करते सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बढ़ती शीत लहरी को देखते हुए सीओ अरविंद देवाशीष ने अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के साथ खोड़ाहर पंचायत के आदिवासी बाहुल्य लोहरा टोली एवं मेला टांड को 60 आदिवासी समाज के लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया।। लोहराटोली में 27 एवं मेलाटंड में 33 लोगों को खुद सीओ ने अपने हाथों से कम्बल दिया। कम्बल पाकर आदिवासी समाज के बुजुर्ग महिलाएं काफी खुश दिखीं। सीओ ने अपनी परंपरागत भाषा कुडुख में बात कर उनकी समस्या से अवगत हुए। कई आदिवासी महिलाओं ने बताया कि पहली बार किसी अधिकारी ने खुद हमलोगों के समस्या से अवगत हुए। खुद आकर कम्बल देना हमलोगों को आत्मीय संतुष्टि प्रदान किया है।





उन्होंने सीओ से पीएम आवास नही मिलने, राशन कार्ड नही बनने के साथ साथ आयुष्मान कार्ड नही बनने की शिकायत की। सीओ श्री टोप्पो ने सभी को आश्वस्त किया कि आपकी समस्या का निदान अब खुद आपके द्वार पर आकर करेंगे। उन्होंने अपने पंचायत सेवक रामवृक्ष प्रसाद को लाभुकों की सूची बनाने एवं कागजी प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया। कम्बल प्राप्त करने वाले लाभुकों में मुन्नी देवी, बसंती मसोमात, गेन्डिया देवी, सुगिया देवी, मसोमात कर्मी, मंगरी देवी, रमेश लोहरा, अशोक लोहरा, पार्वती देवी, राजकुमारी देवी, शांति देवी, नरेश लोहरा, परबिल भुइयाँ, आकाश लोहरा, लक्ष्मी देवी, रविन्द्र लोहरा, चिंता देवी, फूलमनी देवी, जितेंद्र लोहरा, मंजू देवी, कलावती देवी, सुकर लोहरा, मसोमात सुनीता सहित कुल 60 लोगों शामिल है। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक उरांव, कविता देवी, अनिता देवी, रंजीत चंद्रवंशी, सीओ चालक मो अता. उल्ल मुस्तफा, मुंशी पासवान आदि ने सहयोग किया।

# शीत लहरी को देखते हुए बरही प्रशासन गरीबो के बीच जल्द करे कम्बल का वितरण : मनोज यादव

## बरही के पूर्व विधायक ने किया बरही सीओ से मिलकर कम्बल वितरण की मांग

**अपेम लाइव : बरही**

बढ़ती शीतलहरी को देखते हुए बरही में कम्बल का वितरण नही होने की शिकायत मिलने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही अंचल कार्यालय पहुंच कर सीओ से वार्ता की। उन्होंने पूछा कि जब सरकार का स्पष्ट आदेश है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ही कम्बल वितरण करना है तो फिर कम्बल वितरण क्यों नही हो रहा है। कम्बल वितरण नही होने से गरीब असहाय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कम्बल वितरण के लिए आता है तो प्राथमि. कता के आधार पर कम्बल वितरण किया जाना चाहिए। हालांकि सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि कम्बल वितरण का कार्य युद्ध स्तर जारी है। जल्द ही सभी पंचायतों में पंचायत सचिव के माध्यम से कम्बल वितरण दो दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। सीओ से वार्ता के समय मौके पर मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, युवा नेता रितेश गुप्ता, इंद्रदेव ठाकुर, मेवालाल केशरी, शमशेर आलम, राजकुमार केशरी, पिंटू यादव, सचिन यादव सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।




सीओ से वार्ता करते मनोज कुमार यादव

# सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में सीसीए के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**अपेम लाइव : बरही**

बरही रसोईया धमना स्थित शिशु ज्ञान समिति द्वारा संच. ालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल शनिवार को सीसीए के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से लेकर 10 तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया । छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। प्रतियो. गिता में वंदना कुमारी , रोशनी कुमारी ,रानी कुमारी, नेहा कुमारी ,अंशु कुमारी ,सुमन कुमारी ,करीना कुमारी ,सोनू कुमार, गुंजन कुमार, संजीदा नाथ, शाहिस्ता प्रवीण ,प्रीति कुमारी, आरती कुमारी, मनीषा कुमारी, सुधा कुमारी, भारती कुमारी इत्यादि बच्चे शामिल थे।इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने कला प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया बच्चों ने पेंटिंग स्केच रंगों और सुंदर छवियों के माध्यम से जल बचाओ, पेड़ बचाओ पर्यावरण बचाओ ,धरती बचाओ, स्वच्छ भारत ,किसान बचाओ ,कोविड–19, स्टॉप रेप इत्यादि का संदेश दिया। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए। मौके पर उप. स्थित प्राचार्य नितेश कुमार ने कहा कि पोस्टर प्रतियो. गिता से बच्चों के अंदर अविष्कार करने की जिज्ञासा उत्पन्न करते हैं। और जानकारी प्रदान करते हैं, या किसी भी मुद्दे में समुदाय के रुचि को शामिल करने के लिए यह प्रकट करने के लिए बेहतर विकल्प है। इससे बच्चों की एक्टिविटी के साथ प्रतिभा देखने को भी मिलती है। इस प्रतियोगिता में कृष्णा ग्रुप कक्षा सातवीं से अंशु कुमारी कक्षा 8 ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जिया कुमारी और प्रीति कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं वंदना कुमारी कक्षा और प्रिया ग्रुप कक्षा दशम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डपोक में लगा शिविर,

## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव , कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामउद्दीन अंसारी, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, डोमन पांडेय , मुखिया दुखन पासवन, पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। सभी अतिथियों को आजीविका महिला मंडल की दीदियों के द्वारा स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, ज०ब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस शिविर में जागेश्वर यादव, रमजान अंसारी, सलामत अली, सीता राम यादव, अर्जुन दास, अनिल दास एवं मो खालील मौजूद थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

# रचनात्मक लेखन विद्यार्थियों को एक नया आयाम प्रदान करता है 'प्राचार्य एके सिंह

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा अष्टम व नवम वर्ग के छात्र छात्राओं ने हिंदी क्रिएटिव लेखन तथा कक्षा छठी के छात्र छात्राओं ने अंग्रेजी क्रिएटिव लेखन में बढ़ चढ़कर भाग लिया। हिंदी क्रिएटिव राइटिंग की देखरेख रवि उदय सिंह के द्वारा की गई तथा अंग्रेजी अंग्रेजी क्रिएटिव राइटिंग की देखरेख फूलमती कुमारी के द्वारा की गई ।हिंदी क्रिएटिव राइटिंग में प्रथम स्थान अमन आर्य हंसराज हाउस कक्षा नवम डी, द्वितीय स्थान प्रतीक कुमार विवेकानंद हाउस कक्षा नवम डी, इशिका स्पर्धा हंसराज हाउस कक्षा अष्टम सी ,तृतीय स्थान श्रुति चौधरी एनडी ग्रोवर हाउस कक्षा अष्टम ए, नेहा कुमारी दयानंद हाउस कक्षा नवम डी ने प्राप्त किया। अंग्रेजी क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सृष्टि श्रेया एनडी ग्रोवर हाउस , द्वितीय स्थान अन्वेष हंसराज हाउस, तृतीय स्थान डिंपल यादव एनडी ग्रोवर हाउस, दृष्टि विवेकानंद हाउस ने प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह में कहा कि रचनात्मक लेखन विद्यार्थियों को उनके जीवन में एक नया आयाम प्रदान करता है। इस लेखन में लेखक का उद्देश्य गद्य, काव्य में अपनी भावनाओं को अपनी कल्पनाशीलता और विचारों को उन्मुक्त रूप से व्यक्त करना होता है। सभी अपनी कल्पना से कुछ नया बनाना या अपनी नई सोच ,विचार और भाव को कागज पर नैसर्गिक रूप से मौलिक रूप में उतारना होता है। प्राचार्य महोदय ने सफल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिएटिव राइटिंग हमारे अंदर हमारी सोच, कल्पनाशीलता को एक नई दिशा प्रदान करता है। यह कला हमारे अंदर छुपी हुई भावनाओं को उत्तरोत्तर ढंग से प्रस्तुत करने में सहायक सिद्ध होता है। अतः हम सभी छात्र छात्राओं को इस कला के प्रति सकारात्मकता का भाव अपनाना चाहिए। आज के इस नवीन युग में जहां रोजगार की मारामारी है उस वक्त यह कला अपने आप में मनुष्य को एक अलग रूप में प्रकट करते हुए निपुणता प्रदान करती है। अतः शिक्षक शिक्षकों को अपने शिक्षण माध्यम से रचनात्मक कौशल को छात्रों में विशेष रुप से उभारने का सकारात्मक प्रयास करते रहना चाहिए। तभी आगे चलकर यही छात्र-छात्राएं अपने जीवन में लेखक, कवि ,आर्टिकल राइटर , समीक्षक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देते हुए समाज को नई दिशा दिखा सकते हैं। क्रिएटिव राइटिंग अपने मौलिक विचारों से समाज को उसी प्रकार सुशोभित करती है जिस प्रकार बगीचे में खिले हुए फूल पूरे मानव समाज को सुभाषित और सुगंधित करते हैं। अंत में प्राचार्य महोदय ने कहा कि डीएवी की यह परंपरा रही है कि वह छात्रों के अंदर छिपे नैसर्गिक कलाओं को ढूंढ कर उन्हें सही मार्ग दिखाएं। इस कार्यक्रम में कला शिक्षक लल्लन यादव, सुनील केसरी ,अमित कुमार, राजेश सिन्हा, फूलमती कुमारी की विशेष सहभागिता रही।



राईटिंग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---19.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---पूर्णिमा तिथि 08:58 तक उपरांत प्रतिपदा तिथि
दिन :---रविवार
नक्षत्र :---मृगशिरा नक्षत्र दिन 04:15 तक उपरांत आद्रा नक्षत्र
योगरू---शुभ
करणरू---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में
आज का राहूकाल संध्या :---04:30 बजे से संध्या :---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज स्नान दान पूर्णिमा मनाई जाएगी।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

## नेहरू युवा केन्द्र ने जल बचाओ अभियान के तहत बरही में चलाया जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : बरही**



जागरूकता अभियान में शामिल लोग

नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों में जल बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र के बरही इकाई की ओर से बरही में भी कैच द रेन जल बचाओ अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आम जनमानस को जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उसकी उपयोगिता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। बरही प्रखंड के एन वाई पी पूनम पांडेय ने कहा की जल ही जीवन है। लेकिन जल का संरक्षण भी जरूरी है । जिस तरह जल की बेतहाशा बर्बादी की जाती है । यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी जल की कमी से आम आदमी को जूझना पड़ सकता है । इसलिए जरूरी है कि जल का संरक्षण कर घटते जल स्तर को बढ़ाने में सहयोग करें । आकाश कुमार ने वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देते हुए कहा कि हर लोगों को वाटर हार्वेस्टिंग पर ध्यान देना चाहिए। घटते जल स्तर को बढ़ाने के लिए हरेक नागरिक को जागरूक होना पड़ेगा। सभी स्वयंसेवको ने जल बचाओ अभियान को लेकर शपथ लिया। मौके सबरही प्रखंड की एनवाईवी पूनम पाण्डेय, आकाश कुमार, राकेश शर्मा, सुधीर कुमार, अभिषेक, मोनू, पप्पू, राहुल, शंकर, विशाल, निशक्त, परेश, कुंदन आदि शामिल थे।

## स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक और "2047 में भारत के लिए मेरी दृष्टि" विषय पर पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

### भामाशाह विद्यालय के बच्चों ने स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर लिखा पोस्टकार्ड

**अपेम लाइव : बरही**



पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर भामाशाह विद्यालय की ओर से स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकष और 2047 में भारत के लिए मेरी दृष्टि विषय पर पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर 10 तक के भैया बहनों ने अत्याधिक उत्साह के साथ भाग लिया। कुल 500 भैया बहनों ने इस प्रायियोगिता मे भाग लिया। बच्चो ने अपने पोस्टकार्ड लेखन के माध्यम में स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों का चित्रण किया। बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में कई ऐसे नायक भी थे, जिन्हें गुमनाम कर दिया गया। इतिहास से छेड छड़ कर उसे गुमनाम बना दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने 2047 में भारत की तस्वीर कैसी होगी, उसपर अपनी राय रखा। 2047 तक भारत इस स्थिति में पहुंच सकता है। इस पर अपनी विचार पोस्टकार्ड लेखन के माध्यम से किया। पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाध्यक रजनीश पांडेय ने पुरस्कृत कर सम्मनित किया। रजनीश पांडेय ने कहा कि इस तरह का आयोजन कर बच्चो के मनोभाव , उनके विचार को सामने लाने का प्रयास किया जाता है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

## शहर के चित्रगुप्त नगर में ई-रिक्शा रिपेयरिंग सेंटर का जिप प्रधान ने किया उदघाटन

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**




उद्घाटन करते जिप प्रधान शालिनी गुप्ता व अन्य

झुमरीतिलैया के चित्रगुप्त नगर में जिले का पहला ई-रिक्शा सर्विस सेंटर का उदघाटन जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि झुमरी. तिलैया शहर में करीब 400 से ज्यादा ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ रही है। लेकिन शहर में अब तक सर्विस सेंटर और चार्जिंग प0इंट नही रहने से ई-रिक्शा चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि सर्विस पॉइंट खुलने से यहां के ई-रिक्शा चालकों और मालिको को काफी सहूलियत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वरोजगार कर रहे युवको को ई-रिक्शा खराब होने पर शहर में ही समाधान की सुविधा मिल जाएगी। मौके पर रेखा देवी ,निर्मला देवी ,पिंकी देवी, गुड़िया देवी, लीलावती देवी ,पूजा देवी ,नीलम देवी ,बा. लगोविंद मोदी,नरेंद्र सिंह चंदेल,किशोर साव, संतोष साव, शैलेश कुमार शोलु,रघुवीर सिंह ,अनिल यादव ,नीरज यादव ,गोपाल मोदी ,अमर गुप्ता ,छोटू मोदी ,किशोर मोदी ,रंजन मोदी ,चंदन मोदी, सुशील अग्रवाल, संजय प्रसाद, रो. हित झा ,मनोज शर्मा आदि मौजूद थे।

## बरसोत पंचायत के विभिन्न गांवों में विधायक ने किया कंबल वितरण



कंबल वितरन करते विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**



कंबल वितरन करतीं प्रधान सीता देवी

लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के कई गांवों में बरही विधायक ने कंबल वितरण किया। जिसमे बरसोत पंचायत भवन में 150 कंबल एवं बरियठ्ठा बिरहोर टोला में 28 कंबल का वितरण किया। कंबल प्राप्त करने वाले लाभुकों में शांति देवी, रूपन रजक, मोसोमात करनी, अंजली कुमारी, सविता कुमारी, अशोक रविदास, मोसोमात लाखिया, बेली माहतो, मोसोमात मंजू, गफूर खलीफा, मजिदन खातुन, राजाराम राजवार,मोसोमात कौशल्या, मोसोमात कलवा, प्रयाग यादव, गौरा देवी, ननसा बिरहोर, कुनु बिरहोर, रोहित बिरहोर , सरयू बिरहोर, राजेश बिरहोर, सनीचरी देवी, जतु बिरहोर, चमेली देवी, सोनु बिरहोर, चंपा देवी, मोसा. `मात चरकी देवी, मनोज बिरहोर, सुखदेव बिरहोर, तेको बिरहोर, युगल बिरहोर, बबलू बिरहोर एवं अन्य शामिल है। मौके पर बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामउद्दीन अंसारी, अब्दुल मन्नान वारसी, मुखिया सीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी माहतो, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, युवा नेता मनोहर यादव एवं मनोज कुमार शामिल थे।

## डॉ सचिन कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल में दिया योगदान



योगदान देते डॉ सचिन कुमार

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के अंर्तगत संचालित गौरियकर्मा पीएचसी में डॉ सचिन कुमार ने शनिवार को योगदान दिया। ज्ञात हो कि चार साल पहले उनका स्थान्तरण रिम्स हो गया था। पुनः इनका पदस्थापन बरही में हुई है। उन्होंने बताया कि उनका पुनः वापसी हुई है। स्वास्थ्य सुविधाएं ईमानदारीपूर्वक मुहैया कराना उनकी प्राथ. मिकता रहेगी।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न, 22 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना देने का लिया निर्णय



दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति की बैठक में उपस्थित लोग

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति चंदवारा प्रखंड की बैठक जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें विजय दास को संयोजक व धर्मेंद्र रजक सह संयोजक मनोनीत किया गया। इसके अलावे 14 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संजय रंजन, विनोद राम, कैलाश राम, विकास कुमार, दशरथ पासवान, विनोद दास, तरूण कुमार, पंकज दास, मिथिलेश कुमार, उमेश दास, राजेश दास, विकास कुमार का नाम शामिल है। बैठक में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के ने. ताओं ने कहा कि देश में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान दिया है वह संविधान को सुरक्षित रखने के लिए दलित समाज को संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि देश में बार-बार संविधान के साथ-छेड़छाड़ किया जा रहा है, संविधान का प्रतियां जलाई जा रही है, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। इसलिए समाज को संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। वर्तमान भारत सरकार के कार्यकाल में दलितों पर चौतरफा हमला हुआ है। दुष्कर्म के शिकार हो रहे हैं। खासकर भाजपा शासित उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों में भी घटनाएं बढ़ी है। जिस पर मोदी सरकार कुछ नहीं कर पा रही है। एक तरफ मोदी सरकार नारा देती है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बच. ाओ दूसरी तरफ बेटियों को सुरक्षित रख पाने में नाकाम साबित हो रही है। जो देश के लिए विडंबना है। बैठक में 22 दिसंबर को दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला इकाई कोडरमा के द्वारा चंदवारा थाना कांड संख्या 99/21, जयनगर थाना कांड संख्या 12 /21, डोमचांच थाना कांड संख्या 46/21 आदि को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। जिसमें हजारों की संख्या में आंदोलन में उतरने का आह्वाहन किया गया। धरना प्रदर्शन के पूर्व उर्मिला चौधरी क्लीनिक से जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, जिप सदस्य महादेव राम, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, दुर्गा प्रसाद राम, खगेंद्र राम, विनोद राम, कैलाश राम, मुखिया धीरज कुमार, धर्मेंद्र रजक, मिथिलेश रजक, विकास कुमार, अनिल दास, रविशंकर दास, संजय रंजन, दशरथ पासवान, अशोक पासवान, सूरज रविदास, दिलीप रविदास, सिकंदर कुमार, बबलू दास आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश कुमार ने किया।

## आईसीएआर गौरियाकर्मा की ओर से कुण्डवा में कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन

### किसानों को दी गई फसलों के उत्तम प्रभेद व वैज्ञानिक पद्धति की जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**



किसानों के बीच बीज वितरण करते आईसीएआर गौरियाकर्मा के वैज्ञानिक

अनुसूचित जन जाति उप योजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा झारखंड के वैज्ञानिकों के द्वारा बरही के खोडाआहार पंचायत के कुण्डवां गांव में कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य इसमें संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसलों के उत्तम प्रभेद तथा वैज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती करने की सलाह दी गईद्य डॉ विशाल नाथ, विशेष कार्य अधिकारी के द्वारा किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की महत्व के बारे में बताया गया तथा उन्हें इस संस्थान से ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ पंकज कुमार सिंहा ने किसानों को संस्थान के संपर्क में रहने की सलाह दी ताकि उन तक नवीनतम तकनीकों एवं प्रभेदों की जानकारी पहुंच सके एवं उनकी आय में वृद्धि की जा सकेद्य डॉ संतोष कुमार ने किसानों को मक्का तथा सरसों की वैज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती करने के तरीके बताए एवं उसमें कीट एवं रोगों के प्रबंधन की जानक. ारी दीद्य इन्होंने किसानों को बीज उपचार करके ही किसी भी फसल को लगाने की सलाह दीद्य डॉ कृष्ण प्रकाश ने किसानों को सब्जी की वैज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती की जानकारी दी एवं बे मौसमी सब्जी की खेती करने एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गयाद्य प्रशिक्षण के अंत में किसानों को रबी मौसम में लगने वाले सब्जी के बीज जैसे टमाटर, मूली, सरसों, गाजर, प्याज पालक तथा मटर के बीज के किट उपलब्ध कराएं। साथ ही इस गांव के किसानों को चना का भी बीज उपलब्ध कराया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 किसानों ने लाभ प्राप्त कियाद्य संस्थान के वै. ज्ञानिकों ने किसानों को आईएआरआई संस्थान आकर या मोबाइल के माध्यम से भी खेती से जुड़े जानकारी प्राप्त करने की सलाह दीद्य अंत में सभी किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा उत्पादित सब्जी बीज किट वितरित किया गया। मौके पर वीणा उरांव सहित कई किसान मौजूद

## विश्वकर्मा मॉड्यूलर फर्नीचर का विधायक ने उदघाटन किया

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**



उद्घाटन करते विधायक अमित यादव व अन्य

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम घँग़री में विश्वकर्मा मॉडूलर फर्नीचर का शुभ उदघाटन विधायक अमित कुमार यादव, जीप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया सावित्री देवी, पंसस मंजू देवी, महेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया अपने सम्बोधन में विधायक अमित यादव ने कहा बरकट्ठा जैसे ग्रामीण इलाके के युवक अपनी मेहनत व लगन से आज हर क्षेत्र में आगे हैं उन्होंने संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि आप सबो ने प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया के सपनो को साकार किया है बरकट्ठा प्रखण्ड में इतने बड़े पैमाने विश्वकर्मा मॉड्यूलर फर्नीचर की स्थापना करके हम सबो को गौरव का अनुभूति करवाया है ।फर्नीचर हाउस के संच. ालक ने कहा यह प्रतिष्ठान उचित व कम कीमत पर लोगो को मॉड्यूलर फर्नीचर उपलब्ध कराएगा ।मौके पर प्रमुख रूप से शिलाडीह मुखिया नरेंद्र सिंह, भीम प्रसाद, सुरेंद्र राणा, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, अर्जुन नायक, संचालक लक्ष्मण राणा, विकास राणा, चंद्रिका राणा, अनूप राणा, मनोज राणा, नागेश्वर राणा, पप्पू राणा उपस्थित थे ।




## बरही आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा सह जी.बी. बैठक कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**





बरही आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा सह जी.बी. बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएम दीपक कुमार व संचालन सामुदायिक समन्वय अमरजीत कुमार व राजू कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आम सभा सह जी.बी. कार्यक्रम में बरही प्रखण्ड के पांच पंचायत की महिलाएं शामिल हुई। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। इसके अलावा विस विधायक प्रति. निधि बिनोद यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जीप सदस्य संतोष रविदास, शाखा प्रबंधक अजय कुमार, अंचल से उमेश कुमार दास, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, मो वारिस अंसारी, मनोहर यादव, देवचंद यादव, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, प्रधान मो ताजुद्दीन, यास्मीन तब्बसुम, मो रिजवान अली, सुनील साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक श्री अकेला को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर आईपीआरपी नलिता कुमारी, संकुल संगठन की अध्यक्ष कवित्री देवी, सचिव भारती देवी, कोषाध्यक्ष किरण देवी, लेखापाल सकुन्ती देवी, मालती देवी, पायल कुमारी, राजीव कुमार सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थी। अंत मे विधायक ने आजीविका महिला मंडल को 6100000 का चेक सौपा।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कर्णपुरा महाविद्यालय में लगातार चौथे दिन विशेष शिविर आयोजन , शामिल हुए सांसद जयंत सिन्हा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल सांसद जयंत सिन्हा

कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने बड़कागांव के सामुदायिक भवन में विशेष शिविर का चौथा दिन का समापन हुआ। जिसका मुख्य अतिथि माननीय सांसद जयंत सिन्हा ने स्वयंसेवकों को संबोधन करते हुए कहा कि हमारी सरकार खासकर मां. हलाओं के लिए सजग है। बेटियों के लिए शादी की उम्र 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष किया जा रहा है जिसे सुनकर स्वयंसेवकों ने प्रसन्नता जाहिर की। इसके साथ ही अपने सांसद महोदय से छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में आने जाने के लिए सांसद मद से बस की मांग की है,और इसी के साथ सभी छात्र छात्राओं को उम्मीद है कि बस अवश्य मिलेगी। और इस शिविर के स्वयंसेवकों ने आसपास के गली मुहल्ले व सूर्य मंदिर के प्रांगण की साफ सफाई किया एवं आमजन को सफाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया नारी शिक्षा के मुख्य वक्ता ललिता कुमारी थी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश कुमार महतो किरेन। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, रामपति राम, मूलचंद साव, पूनम साहू एवं महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. फजरुदीन अहमद, प्रो. मुकेश कुमार एवं स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता गौतम चौधरी, दिवाकर कुमार, नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी, अफसाना परवीन, सफीना खातून ,सुनीता कुमारी सोनू कुमार ,खुशबू कुमारी ,कांति कुमारी ,दुर्गेश कुमार, बबलू मेहता संदीप कुमार इत्यादि दर्जनों छात्र छात्राओं शामिल हुए।

## पकरी बरवाडीह कोल माइन्स का टाउनशिप एवं प्रशासनिक भवन का अध्यक्ष ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


शुभारंभ में शामिल लोग

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के सीकरी स्थित कोयला खनन परियोजना के टाउनशिप और प्रशासनिक भवन के कार्यों का शुभारंभ एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह द्वारा अ०नलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) अनिल कुमार गौतम, निदेशक (मानव संसाधन) दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (वाणिज्यिक) और कोयला खनन परियोजनाओं के नामित मालिक चंदन कुमार मंडल, निदेशक (परियोजना) उज्जवल कांति भट्टाचार्य, कोल माइंस के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार उद्घाटन स्थल पर वीडियो क०ल के जरिए जुड़े रहे। पकरी बरवाडीह के कार्यकारी निदेशक, एम.वी. आर. रेड्डी ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को टाउनशिप में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर 21किलोमीटर की एकीकृत कन्वेयर बेल्ट का भी शुभारंभ एनटीपीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों द्वारा अ०नलाइन माध्यम से किया गया। उद्घाटन स्थल पर पकरी बरवाडीह परियोजना के कार्यकारी निदेशक एमवीआर रेड्डी, महाप्रबंधक (बादाम) संजय सेठ, महाप्रबंधक (परियोजना) नीरज जलोटा, अतिरिक्त महाप्रबंधक विश्वजीत चक्रवर्ती, आनंद अग्रवाल, अमित कुमार अस्थाना और सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## सीएसआर के अंतर्गत एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में तीरंदाजी शिविर का आयोजन

### तीरंदाजी शिविर का शुभारंभ एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह द्वारा किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


मौके पर शामिल लोग

एनटीपीसी पकरी परियोजना में सीएसआर. के अंतर्गत तीरंदाजी सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया जिसका वर्चुअल ऑनलाइन शुभारंभ एनटीपीसी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने किया। सिकरी साइट कार्यालय खेल मैदान में आयोजित आयोजित की गई। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जमशेदपुर से राष्ट्रीय खिलाड़ी तीरंदाज और तीरंदाजी कोच पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में बड़कागांव, जुगरा, अरहरा और चेपाकल गांवों के कुल 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बाद में अच्छा प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रशिक्षित विद्यार्थियों को तीरंदाजी खेल में भविष्य के लिए तीन महीने का अग्रिम प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा की झारखंड से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे लाना है। इस कार्य के लिए एनटीपीसी द्वारा पूर्ण सहयोग एवं सहायता प्रदान की जायेगी। शिविर का शुभारंभ अ०नलाइन माध्यम से किया गया तथा इस अवसर पर निद. ेशक (वित्त) अनिल कुमार गौतम, निदेशक (मानव संसाधन) दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (वाणिज्यिक) चन्दन कुमार मण्डल एवं निदेशक (परियोजना) उज्ज्वल कांती भट्टाचार्य उपस्थित एवं कोयला खनन के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार तथा सीकरी स्थित परिसर में, पकरी बरवाडीह परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम.वी. आर.रेड्डी, महाप्रबंधक (बादम) श्री संजय सेठ, महाप्रबंधक (परियोजना) नीरज जलोटा, अपरमहाप्रबंधक, बिस्वजीत चक्रवर्ती, आनंद जी अग्रवाल, अमित कुमार अस्थाना एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बता दें कि विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय कोच पूर्णिमा महतो को आमंत्रित किया गया है।पूर्णिमा महतो ने 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता है। 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए कोच थीं और उन्हें 2012 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में टीम के कोच के लिए चुना गया था। उन्हें 29 अगस्त 2013 को 2013 के लिए भारत के राष्ट्रपति से द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## करमा पंचायत के गरीबों को नहीं मिला कंबल, प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

### गरीबों के खिलाफ अन्याय बर्दाश्त नहीं : मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव :चौपारण**


मौके पर शामिल मनोज कुमार यादव

प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रशासनिक अधिकारियों की लालफीताशाही तथा अनियमितता के खिलाफ प्रखंड के गरीबों में काफी रोष है । दिसंबर में भीषण ठंड पड़ने के बावजूद जानबूझकर करमा के गरीबों को कंबल देने में आनाकानी करने तथा राजनीति से प्रेरित होकर हर सरकारी कार्रवाई करने का आरोप बीडीओ पर लगाकर करमा पंचायत के मुखिया तथा मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गरीबों ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष कंबल की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया। धरने में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने स्पष्ट रूप से प्रखंड प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कीमत में गरीबों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि प्रशासन के लोग आम. जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि प्रशासन जनता तक योजना का लाभ पहुंचाये। राजनीति नहीं करे। यदि प्रशासन राजनीति में लिप्त रहेगा तो भाजपा मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने स्थानीय कांग्रेस विधायक की कार्यशैली पर चुटकी लेते हुए कहा कि किसी भी भाजपा कार्यकर्ता को झूठा निशाना बनाया गया तो आर पार की लडाई होगी। मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव ने कहा कि बीडीओ ने करमा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कंबल नहीं बंटवाया। ग्रामीण परेशान थे। उन्होंने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया। कहा कि जानबूझकर कुछ पंचायतों को टारगेट किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद पूर्व विधायक के साथ कई मुखिया तथा कार्यकर्ताओं ने बीडीओ से भेंट की। इसके बाद धरनास्थल पर मौजूद बडी संख्या में लोग कंबल देने मुख्यालय में प्रवेश कर गये। बाद में लगभग तीन सौ लोगों को कंबल दिया गया। धरना स्थल पर मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जिप सदस्य रामस्वरूप पा. सवान, सत्येंद्र सिंह, बलराम दांगी , मुखिया मोहम्मद सफाल, मुखिया मोहन साव, मुखिया प्रति. निधि मुकुंद साहु, मुखिया छोटू चंद्रवंशी, मुखिया पप्पू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मुकेश सिन्हा, बलराम दांगी , जन्मजय सिंह, आशीष सिंह ,धनंजय सिंह ,सियाराम सिंह, सीताराम साहू, सुनील सिंह, आशीष गुप्ता , रंजन सिंह, पिंटू सोनी , कपिल यादव सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में बर्तन उद्योग के लिए खुला रॉ मेटेरियल बैंक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



` रॉ मेटेरियल बैंक के उद्घाटन कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि

विष्णुगढ़ में बर्तन उद्योग में लगे कारीगर एवं उद्यमियों को अब कच्चे माल के भट. कना नहीं पड़ेगा। उन्हें अब स्थानीय रूप में कच्चे माल की उपलब्धता हो जाएगी। इससे बर्तन उद्योग के काम में भी तेजी आएगी और सस्ते दर पर कच्चा माल उपलब्ध होने पर कारीगर, उद्यमी समेत ग्राहकों को भी फायदा मिलेगा। इसके लिए शनिवार को विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्र०न्ज कलस्टर के तत्वाधान में विष्णुगढ़ ब्रास प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा र० मे. टेरियल बैंक की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीकांत कटारिया ने फीता काट कर किया। उन्होंने इसके लिए कलस्टर को दस लाख रूपए का ऋण स्वीकृत कर चेक सा. ेपा। उन्होंने कहा कि र० मे. टेरियल बैंक के गठन से कारीगरों को नए डिजाइन के बर्तन का निर्माण करने में सुविधा होगी। बाजार की मांग के अनुरूप बर्तन बनेंगे। कहा कि संगठित होकर काम करने से कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। इससे कंपनी का काम भी तेजी से बढ़ेगा। कलस्टर के संयोजक सुदामा सिंह ने कहा कि र० मेटेरियल बैंक की स्थापना से छोटे-छोटे कारीगरों के कार्यों में काफी गति आएगी। इसके अलावा जो लोग काम छोड़कर भटक गए हैं, वे पुनः बर्तन उद्योग से जुड़कर रोजगार के अवसर प्रदान करेगें। शाखा प्रबंधक महेश प्रसाद ने भी बैंक की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मंच संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। चेडरा पंचायत प्रधान मुखिया अशोक कुमार ने भी अपने विचार रखे। मौके पर कार्यकारी जिप सदस्य यशोदा देवी, मुक्तिनाथ, संदीप कसेरा, डॉ० अशोक सिन्हा, संजय सिंह, विनोद सिंह, विजय कसेरा, बजरंगी कसेरा, शंकर कसेरा, ममता देवी, इंदीवर कुमार आर्या, किशोर मंडल, पिंटू कसेरा, रंजीत कसेरा, कुणाल कसेरा, राहुल कसेरा समेत कई लोग मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## खलिहान में आग लगने से पुआल जलकर खाक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


पुआल की आग को काबू में करने का प्रयास करते ग्रामीण

विष्णुगढ़ के बकसपुरा में शनिवार को खलिहान में आग लगने से पुआल जलकर खाक हो गया। पुआल गांव के केवल महतो का है। खलिहान में आग लगने पर हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग दौड़े और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद पुआल धू-धूकर जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि खलिहान के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान खेल-खेल में माचिस जलाने लगे। माचिस की आग ने खलिहान में रखे पुआल को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जाता है कि पुआल की अनुमानित कीमत लगभग 7-8 हजार रूपए होगी। पुआल के जल जाने के बाद किसान के समक्ष जानवरों के चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## शीतलहरी को लेकर अलाव जलाने की मांग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड इन दिनों शीतलहरी की भीषण चपेट में है। सूरज के ढ़लते हीं बाजार में सन्नाटा पसर जा रहा है। वहीं, दोपहर तक लोगों को शीतलहरी से निजात नहीं मिलता। सबसे अधिक परेशानी गरीब, मजदूर एवं अस्पताल पहुंचे मरीजों को होती है। भीषण ठंड के बा. वजूद प्रशासन द्वारा अब तक चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इसे लेकर झामुमो नेता राजू श्रीवास्तव ने उपायुक्त को पत्र लिखकर प्रखंड के नरकी, जमनीजारा, अरजरी, बनासो, नवादा, करोंज मोड़, ह०स्पीटल चौक, सातमील मोड़, आठमील मोड़, अखाड़ा चौक, भेलवारा तथा अलपीटो में प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। कहा है कि इससे लोगों को राहत मिलेगी।

## स्मृति दिवस पर याद किए गए कॉमरेड विनोद मिश्र

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में माले के पूर्व महासचिव को श्र)ांजलि देते माले कार्यकर्ता

भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी द्वारा शनिवार को पार्टी की स्थापना समिति के सदस्य एवं पूर्व महासचिव क०मरेड विनोद मिश्र की स्मृति दिवस अलपीटो सभा भवन में मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर क०मरेड विनोद मिश्र को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और संकल्प लिया कि प्रखंड के सभी पंचायत के गांवों में जाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ झामास, इंकलाबी नौजवान सभा, आरवाईए, एपवा आदि संगठनों का विस्तार किया जाएगा। पार्टी की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता गांवों में जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, जिला कमेटी सदस्य घनश्याम पाठक, प्रखंड सचिव जानकी शर्मा, दुलारचंद साव, मनोज मंडल, रामेश्वर दास, भोला सिंह, महेश यादव, रामेश्वर यादव, जगरनाथ यादव, इंद्रमणि गोप, डालो सिंह, गाजो सिंह, लाले यादव, सीताराम पा. सवान, हीरो पासवान, भुनेश्वर यादव, गुल्ली सिंह, जागेश्वर यादव, छोटी लाल यादव, आशीष दास, पप्पू सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव ने लिया घायल पत्रकार सुनील वर्मा का हाल चाल

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत चरगो निवासी दैनिक अखबार प्रभात मंत्र के पत्रकार सुनील कुमार वर्मा पर बीते रविवार शाम को नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों द्वारा चलाये गये गोली से जख्मी हो गए थे, जिससे मिलने सरिया बगोदर अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव घटनास्थल मोहनोडीह चौक पर पहुंचे तथा जख्मी श्री वर्मा से मिलकर उनके जल्द ही स्वस्थ होने का कामना किया साथ हीं इस प्रकार की दुःखद घटना से मर्माहत होकर प्रशासनिक पहल का साकारात्मक आश्वासन दिया । इस बीच उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार दिया और एक शिष्टमंडल बनाया गया। जो मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के रांची आवास पर मुलाकात करेंगे। साथ में जमुआ विधायक केदार हाजरा से भी मुलाकात कर भविष्य की रणनीति तय किया जाएगा। मौके पर भरकट्टा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सांसद प्रति. निधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मनोज चन्द्रवंशी, कैलाश पा. सवान, नारायण पांडेय, पेशम प्रधान (मुखिया) सह अध्यक्ष मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष टुपलाल प्रसाद वर्मा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण दास,भरकट्टा मंडल महामंत्री राजेंद्र राम, सुभाष वर्मा, मीडिया प्रभारी रंजीत राय, सत्येन्द्र राउत, राम लखन वर्मा, छत्रधारी दास, राजेंद्र शर्मा, राम लखन यादव, आजाद तूरी, नारायण यादव जी,श्री प्रेमशंकर यादव, दिलीप दास, राजू विश्वकर्मा, मनोहर कुमार साव, अमित यादव, विनोद यादव, जगदीश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

APEM LIVE

## विधायक अंबा प्रसाद ने अधिप्राप्ति योजना 2021-22 के तहत विभिन्न पैक्सों में क्रय केंद्र का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल विधायक अंबा प्रसाद

प्रखंड के पैक्सों में धान अधिप्राप्ति योजना 2021-22 के तहत झारखंड सरकार के निर्देशानुसार बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न पैक्सों में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने किया।इन्होंने मुख्य रूप से सांढ़ पैक्स,हरली पैक्स एवं नापो पैक्स एवं चेपाकला पैक्स लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया।इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष ता. पेश्वर कुमार ने कहा कि किसानों का धान सरकारी दर 2050 प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा। जिसमें म०इश्चर के रूप में किसानों से 6किलो प्रति क्विंटल धान लिया जाएगा।जो किसान का निबंधन सांढ़ पैक्स में किया गया है।वही किसान जल्द ही केंद्रों में धान बेचे ताकि समय पर सरकार किसानों को धान की राशि भुगतान कर सके। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद प्रभारी मुखिया कैलाश महतो, मुरलीधर बिरवा, पैक्स अध्यक्ष तपेश्वर कुमार मेहता, हरली पैक्स अध्यक्ष पिंटू कुमार,नापो खुर्द पैक्स अध्यक्ष विक्रम निशांत चेपा कला पैक्स अध्यक्ष कैलाश साव,पूर्व पैक्स अध्यक्ष फागू गोप ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार, कांग्रेस प्रशासनिक प्रखंड प्रभारी गिरेन्द्र प्रसाद,सुरेश महतो, गणेश रवि ,दिलदार अंसारी ,मनोहर प्रसाद, सुजीत महतो, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष आनंद कुमार, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, मुखिया सोनी देवी पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी वार्ड सदस्य आनंद कुमार पा. सवान , दिलेन्द्र कुमार , अजित कुमार पूरन महतो, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साहू चंद्रिका कुमार साहू राजकुमार यादव जगत नंदन प्रसाद गुप्ता विक्रम स०व त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता दुर्जन गोप वासुदेव रघुनंदन गोप , कपिल देव, महेंद्र साहू, मोहन राम , सुरेश यादव, महेश महतो ,केदार यादव, सुबोध साव, गणेश यादव, विनोद साव, संजय यादव, महेश साव, छोटू गोप लोकनाथ कुमार साव हैदर अली ,बोधन साहू, गोवर्धन साहू,देवनाथ सिंह यादव, जगदीश साहू, सीताराम मोदी, विक्रम साव, मोहन साहू ,हरिहर स०व, मोहम्मद सुल्तान, दुर्जन गोप ,चतुरी गोप, हरीसाहू, मथुर साहू ,तेजू साव, राजू कुमार राम, चरण राम, मोहम्मद एनुउल हक, हरिहर साव ,गिरेंद्र राम, मोहन राम मन्तोरी देवी ,बिंदवा देवी ललित देव सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## लंगातु गांव में माँ अन्नपूर्णा की हुई पूजा मेला

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


पूजा अर्चना करते लोग

धन व सुख संपदा से परिपूर्ण करनेवाली माता अन्नपूर्णा की तीन दिवसीय बिधिवत लंगातू गांव अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। आज तीसरे दिन रविवार को आरती और मेला आयोजन के पश्चात समापन होगा। आचार्य शम्भू मिश्रा व अन्य आचार्यो के द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा भी अपने पुस्तैनी गांव लंगातू पहुँचकर माता अन्नपूर्णा की दर्शन एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की श्री मिश्रा ने बताया कि हजारीबाग व रामगढ़ जिले में माता अन्नपूर्णा की पूजा व मेला सिर्फ एकमात्र लंगातु में ही पिछले 55 वर्षो से होती आ रही है। यहां पूजा एवं मेला का आयोजन हमारे पूर्वजो ने प्रारम्भ किया था। उस वक्त आकाल होने की वजह से पूरा क्षेत्र अन्न के लिए त्राहिमाम था। ऐसी परिस्थिति में पूर्वजो ने माता अन्नपूर्णा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करने लगे। और इस मौके पर मेला भी लगने लगा।

## टोड़या के छात्रों ने किया राजगीर और नालंदा के एतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**अपेम लाइव :चौपारण**



टोईया प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान राजगीर और नालंदा के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यालय प्राचार्य जितेंद्र सिंह ने बताया कि नालंदा तथा राजगीर के खंडहर हमारे स्वर्णिम इतिहास के साक्षी हैं। विद्यालय के छात्र छात्राओं को यहां आने से काफी जानकारी मिलती है। हमारी पूरानी शैक्षणिक व्यवस्था काफी समृद्ध है। यही ध्यान में रखकर बच्चों को नालंदा की सैर कराई गई। वहीं छात्रों ने भी नवीनतम जानकारी ली। मौके पर शिक्षक जितेंद्र सिंह, शिक्षक विनय रजक, शिक्षक राजेंद्र राम, अरुण कुमार , पवन कुमार, रणधीर कुमार, दिलीप कुमार , अध्यक्ष सरिता देवी, उपाध्यक्ष बबिता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रैयतों की समस्याओं को लेकर लगा शिविर

अपेम लाइव : बरकट्ठा

सुनिल कुमार



उपायुक्त हजारीबाग के निर्देशानुसार बरकट्ठा प्रखण्ड कार्यालय के मनरेगा हॉल में एनएचएआई द्वारा जीटी रोड सिक्सलेन चौडीकरण के प्रभावित रैयतों का भुगतान हेतु भूअर्जन कार्यालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएचएआई भूअर्जन विभाग के कर्मच. ारी व निर्माण कार्य करा रही कंपनी राजकेशरी लिमिटेड के आर शुक्ला अमीन प्रकाश रजक, और पवन कुमार उपस्थित थे। शिविर में पदाधिकारियों को ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा।रैयत मो कलीम खां व मुखिया बसन्त साव ने निर्माण एजेंसी व एनएचएआई के लापरवाही के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है ज्ञात हो बरकट्ठा के केशरहिन्द भूमि पर बसे रैयतों को अबतक मुआवजा नही मिला वही परबत्ता, बरकट्ठा के रैयती व बिहार सरकार के जमीनों का भुगतान नही हुआ है कोनहराखुर्द में अव्यवहारिक रूप से नाली निर्माण किया गया है जिसमे गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था नही हुई है जिसका ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कम्पनी जोर जबरदस्ती करके काम करना चाहती है जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए आक्रोश जताया। शिविर में एनएचआई के कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचने से रैयतों ने नराजगी जाहिर की। ज्ञात हो पिछली शिविर में विधायक अमित कुमार यादव ने कानूनगो से दुरभाष पर कहा कि बरकट्ठा के केसरे हिन्द और जीएम प्ल०ट पर अवस्थित सरंचना का मुल्यांकन कर अब तक रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान नोटिस नहीं दिया गया। जो चिंता की विषय है। उन्होंने प्रभावित रैयतों की समस्याओं को अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया।

## कोविड क्वारंटाइन सेंटर में हुए खर्च के भुगतान की मांग मुखिया ने की जांच दल गठित करने की मांग की

अपेम लाइव : बरकट्ठा

सुनील कुमार



प्रखंड के सलैया पंचायत के दिव्यांग मुखिया गोपाल प्रसाद ने पिछले वर्ष कोविड काल में बनाए गए पंचायत क्वारंटाइन सेंटर में हुए खर्च के भुगतान की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला समाहरणालय तक लगातार मांग कर रहे है इसी बीच सलैया मुखिया गोपाल प्रसाद ने एक लिखित आवेदन सचिव पंचायती राज्य अधिकारी को दिया है जिसमे कहा गया है कि पिछले वर्ष कोरोना महामारी काल में पंचायत में बनाए गए दो क्वारंटाइन सेंटर में प्रवासी मजदूरों को रखने और उनके भोजन की व्यवस्था के लिए प्रशासनिक आदेश मिला। महाजन और दुकानदार से कर्ज लेकर सेंटर में व्यवस्था किया गया। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी खर्च राशि का भुगतान नहीं हुआ है। मुखिया ने बताया कि खर्च की भुगतान को लेकर उपायुक्त, उपविकास आयुक्त हजारीबाग, अनुमंडल पदा. धिकारी बरही को खर्च राशि का वाउचर और लिखित आवेदन दिया है। अधिकारियों से मिलकर भुगतान नहीं होने की जानकारी दी। इसके बाद भी अबतक भुगतान नहीं हुआ है। गोपाल प्रसाद ने कहा कि उल्टे बीडीओ बरकट्ठा कीर्तिबाला लकड़ा द्वारा उच्च अधिकारियों को मेरे द्वारा किये गए के भुगतान का गलत सूचना दी गयी मुखिया ने कहा मेरे द्वारा किये गए खर्च का किसी भी स्वंत्रत एजेंसी से जांच कर सत्यता का पता लगाए जाएं तब मुझे भुगतान हो इस संदर्भ में बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा ने कहा सभी कोरोनटाईन सेंटर के खर्च का भुगतान सम्बंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है सलैया के पंचायत सचिव ने लिखित जानकारी दी है कि कोई बकाया नही है ।

## विधायक ने किया आजिविका महिला संकुल संगठन का उद्घाटन

### महिलाओं में आत्मनिर्भर बनने की क्षमता है विधायक अमित कुमार यादव

अपेम लाइव : बरकट्ठा

सुनील कुमार



प्रखंड के कोनहरा खुर्द पंचायत भवन में झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तत्वावधान में आजिविका महिला संकुल संगठन क्लस्टर लेवल फे. डरेशन का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी,मुखिया रघुनाथ सिंह, झुरझुरी मुखिया सावित्री देवी, पंसस मंजू देवी, बिरेन्द्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। महिलाओं ने अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि महिलाओं में अद्भुत शक्ति है। वह अपने घर परिवार चलाने के साथ साथ देश चलाने कि क्षमता रखती है। उन्हें सिर्फ सहयोग देने की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाऐं आत्मनिर्भर बनें इसमें हर संभव मदद करने का प्रयास करुंगा।कार्यक्रम में पूर्व मुखिया मोईन अंसारी,महेन्द्र प्रसाद मंडल,छोटी रविदास, श्यामसुंदर यादव, निजाम अंसारी,जीवन यादव, लखन रविदास, मुकेश यादव, जेएसपीएलएस कोडिनेटर सुनील चौधरी, सुजित कुमार, ट्रेनर मुन्नी देवी, देवन्ती देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## लड़कियों की शादी की उम्र सीमा बढ़ाएं जाने पर छात्राओं ने खुशी व्यक्त की

### केंद्र सरकार के इस पहल से लड़कियों के जीवन में एक नया बदलाव आएगा : पूनम साहू

अपेम लाइवः बड़कागांव

अमित मालाकार



पूनम साहू एवं अन्य

केंद्र सरकार के द्वारा सांसद में पेश किए गए लड़कियों की विवाह आयु में वृद्धि को लेकर शिक्षको, विद्यार्थियों, समाजसेवियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत व्यक्त किया है। वर्तमान में लड़कियों की विवाह आयु 18 साल है, लेकिन अब इसकी सीमा बढ़ाकर 21 वर्ष की जाने की पेश किए गए प्रस्ताव से छात्राओं में खुशी देखने को मिल रही है। महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 साल करने के प्रस्ताव को केंद्रीय कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने कहा है कि शादी के उम्र को बढ़ाने से लड़कियों के जीवन में एक नया बदलाव आएगा। 21 साल होते होते लड़कियां ग्रेजुएट हो जाती है, इस अवस्था तक इनकी शारीरिक एवं मानसिक विकास हो जाता है। कम उम्र में लड़कियों की शादी होने से लड़कियां काफी कमजोर एवं जन्म लिए बच्चे कुपोषित हो जाते हैं, यह सरकार की सराहनीय कदम है। सांढ़ निवासी समाजसेवी गिनी वर्मा ने कहा कि लड़कियों की विवाह कम उम्र में हो जाने के कारण उन्हें बीच में ही अपनी शिक्षा को छोड़ना पड़ता था, लेकिन शादी की उम्र सीमा बढ़ाने से निश्चित रूप से लड़कियों को अपने पिता के घर में रहकर पढ़ने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा। वहीं एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू की शिक्षिका तमन्ना परवीन का कहना है कि विवाह की उम्र सीमा का बढ़ाना सरकार का अति सराहनीय कदम है। इस अवसर से लड़कियां आगे चलकर अपने वैवाहिक जिंदगी को संवार सकेंगे। कम उम्र में लड़कियों के शादी होने से वे अपने ससुराल में नए परिवार को अच्छी तरह से समझ नहीं पाते थे जिससे ज्यादातर घरेलू झगड़े उत्पन्न हो जाते थे। 8वीं कक्षा की छात्रा प्रियंका कुमारी ने कहा कि सरकार की इस प्रस्ताव से हमलोग खुश हैं। विवाह की उम्र बढ़ने से हम छात्राओं को अपनी इच्छा अनुसार शिक्षा ग्रहण कर हमें आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा जबकि दसवीं कक्षा की छात्रा मीनाक्षी कुमारी ने कहा कि विवाह के लिएशारीरिक एवं मानसिक परिपक्वता आवश्यक होती है। लड़कियों के लिए विवाह की उम्र सीमा बढ़ाने से आगे चलकर एक स्वस्थ परिवार का निर्माण होगा।

## बीडीओ बरकट्ठा ने निजी नर्सिंग होम का किया निरीक्षण

### नदारद मिले डॉक्टर अनट्रेंड नर्सो के भरोसे क्लिनिक

अपेम लाइव : बरकट्ठा

सुनील कुमार




प्रखण्ड के बरकट्ठा स्थित सभी निजी नर्सिंग होम का निरीक्षण बीडीओ कृतिबाला लकड़ा ने की उन्होंने निरीक्षण के दौरान गौरी नर्सिंग होम, अधार नर्सिंग होम, आस्था नर्सिंग होम, नवजीवन नर्सिंग होम एवं ओम सनराइज ह०स्पिटल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया बीडीओ ने निरीक्षण के बाद कहा कि सभी प्रा. इवेट नर्सिंग होम में कोई भी बेसिक जानकारी उपल. ब्ध नही है न तो ओपीडी ड०क्टर का नाम उपलब्ध है कोई भी ट्रेंड नर्स भी नही थी साथ ही अस्पताल में मरीज अनट्रेंड नर्सों के भरोसे रहती है जो गम्भीर विषय है मानव जीवन से इस तरह खिलवाड़ ठीक नही है नर्सिंग होम की व्यवस्थाओं के बारे में इनकी वर्तमान स्थिति से उच्च अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी ।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में जूडो कराटे के साथ बच्चों को बनाया जा रहा है आत्मनिर्भर

अपेम लाइवः बड़कागांव

अमित मालाकार




कराते प्रशिक्षण में शामिल बच्च

प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बी एम मेमोरियल स्कूल में बच्चों को जूडो कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे बच्चे आत्म सुरक्षा के लिए नए-नए गुर सीखेंगे और अपने आप को सुरक्षित कर पाएंगे। यह प्रशिक्षण विद्यालय के शिक्षिक सह झारखंड स्टेट चौंपियन अनु कुमारी और गौतम पांड्या के द्वारा दिया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाली बालिकाओं को राह चलते मनचले परेशान करते हैं। इस डर से तमाम बच्चियां पढ़ाई ही छोड़ देती हैं। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह जूडो कराटे का प्रशिक्षण जारी रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि हम विद्यालय परिवार बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देते हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हमारा विद्यालय एक पूरे प्रखंड में विद्यालय है जो पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूडो कराटे के साथ खेलकूद का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि बच्चों का मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सके। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, अमीन अंसारी, संदीप शर्मा, विनोद नायक, मुकेश कुमार ,एरिका टोप्पो, रश्मि बेदिया, एलिस एलिजाबेथ टोपो,सोनू कुमार, मनीषा कुमारी, अंजू कुमारी, आंचल कुमारी,विकास कुमार सहित अन्य शिक्षक व सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

